दिन– गुरूवार दिनांक– 11 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में आगामी बजट को लेकर अर्थशास्त्रियों के साथ विचार–विमर्श करेंगे।

02. केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा – आयुर्विज्ञान कॉलेज में परिवर्तित वर्तमान जिला और रेफरल अस्पतालों को केंद्र सरकार की आर्थिक मदद जारी रहेगी।

03. प्रदेश में गंडक, कोसी, बागमती और महानंदा समेत कई नदियों के उफान पर रहने से पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, मधुबनी और सुपौल समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति में सुधार नहीं। राहत और बचाव कार्य जारी।

04. और, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा – डेंगू की रोकथाम और प्रबंधन के लिए केन्द्र और राज्य स्तर पर जल्द शुरू की जाएगी हेल्पलाइन सुविधा।

---

संसद का बजट सत्र इस महीने की बाईस तारीख को शुरू होगा। वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन तेईस जुलाई को लोकसभा में केंद्रीय बजट दो हजार चौबीस पच्चीस पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा। आगामी बजट को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों के साथ विचार–विमर्श करेंगे। इस बैठक में अर्थशास्त्रियों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। पिछले महीने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यह बजट भविष्य को ध्यान में रखते हुए सरकार की दूरगामी नीतियों का एक प्रभावी दस्तावेज होगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में प्रमुख आर्थिक और सामाजिक सरोकारों के साथ कई ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे। लोकसभा चुनावों के कारण इस महीने फरवरी में एक अंतरिम बजट पेश किया गया था।

---

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि आयुर्विज्ञान कॉलेज में परिवर्तित किए गए वर्तमान जिला और रेफरल अस्पतालों को केंद्र सरकार मदद जारी रखेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने इस मामले में राज्यों और केंद्र शासित

प्रदेशों को एक पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि एक सौ सत्तावन आयुर्विज्ञान कॉलेजों में से एक सौ आठ कॉलेज पहले ही काम करना शुरू कर चुके हैं। एक सौ सत्तावन अनुमोदित कॉलेजों में से चालीस कॉलेज आकांक्षी जिलों में स्थित हैं। केन्द्रीय सचिव ने बताया कि जिला अस्पतालों को उन्नत करने और सशक्त बनाकर नए आयुर्विज्ञान कॉलेज खोलने के लिए केंद्र प्रायोजित योजना से वित्तीय समर्थन दिया जाता है। इसकी शुरूआत दो हजार चौदह में की गई थी। उन्होंने बताया कि सरकार आयुर्विज्ञान कॉलेजों की संख्या बढाने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। फिलहाल देश में सात सौ छह आयुर्विज्ञान कॉलेज हैं।

---

नेपाल के तराई क्षेत्रों में हो रही बारिश के चलते राज्य में गंडक, कोसी, बागमती और महानंदा समेत कई अन्य नदियां उफान पर हैं। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में खतरे के निशान से एक सौ सात सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। नदी के जलस्तर में कमी की संभावना है। बागमती नदी का जलस्तर सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर में लाल निशान से नीचे आ गया है, जबकि नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। हालांकि नदी के जलस्तर में कमी की प्रवृत्ति देखी जा रही है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में और महानंदा नदी का जलस्तर किशनगंज के तैयबपुर, पूर्णियां के ढेंगराघाट और कटिहार के झावा में लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। इधर, परमान नदी भी अररिया में खतरे के निशान से इकहत्तर सेंटीमीटर ऊपर बनी हुई है।

---

राज्य में विभिन्न नदियों के उफान पर रहने के कारण सुपौल, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और मधुबनी समेत कई जिलों के निचले इलाकों में बाढ का पानी फैल गया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि सुपौल जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुयी है। प्रशासन की ओर से पीड़ितों को मदद पहुंचायी जा रही है। बाढ़ प्रभावित अंचल सुपौल सदर, किशनपुर, मरौना, सरायगढ़–भपटियाही और निर्मली के कई पंचायतों में आवागमन के लिए एक सौ तिरेसठ नावों का परिचालन किया जा रहा है। वहीं, बाढ़ पीड़ितों के बीच अब तक कुल चार सौ आठ पॉलिथीन शीट्स का वितरण किया गया है।

इधर, अररिया जिले में बीते तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश और नेपाल के तराई क्षेत्र में भारी बारिश के बाद पानी छोड़े जाने से परमान, नूना, बकरा, रतवा भलूआ सहित कई छोटी–बड़ी नदियां पूरे उफान पर है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

सिकटी, पलासी और कुर्साकांटा प्रखंड के डेढ़ दर्जन गांव कचना, सालगुड़ी, बांसबाडी, अलुआबाड़ी, सिंधिया, पिपरा बाजार, धर्मगंज, छापानियां, रहटमीना, पकरी और जागीर परासी के निचले इलाकों के घरों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। वहीं सड़को पर तीन फीट पानी के तेज बहाव से आवागमन बाधित हो गया है। इससे प्रखंड के कई गांवों का जिला मुख्यालयों से सड़क संपर्क टूट गया है। इलाकों के प्रभावित परिवारों के बीच तत्काल पॉलिथीन शीट्स वितरित करने का निर्देश दिया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए अररिया से गौतम सहगल।

इधर, सीतामढ़ी से हमारे संवाददाता ने बताया कि नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश से अधवारा समूह के झीम नदी के जलस्तर में वृद्धि हुई है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

भारत–नेपाल सीमा के हनुमान चौक डायवर्जन पर झीम नदी का पानी तीन फीट से ऊपर बह रहा है। इससे आवागमन प्रभावित हुआ है। इधर, बंसतपुर, लालबंदी, जहदी, लक्ष्मीपुर और मयुरवा गांवों का प्रखंड मुख्यालय से सम्पर्क टूट गया है। प्रभावित इलाकों के लोग ऊंचे स्थानों पर शरण लिये हुये है। अभियंताओं को बांध की निगरानी का निर्देश दिया गया है। राहत और बचाव कार्य जारी है। आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

मधुबनी से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के मधेपुर प्रखंड में पिछले कुछ दिनों से कोसी नदी के जलस्तर में उतार चढ़ाव लगातार जारी है।

———बाईट———

कोसी बाराज वीरपुर से कोसी नदी में कल शाम 2 लाख 42, हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण नदी के जलस्तर में वृद्धि होने लगी थी। जिससे मधेपुर प्रखंड के कोसी दियारा इलाके के द्वालख गढ़गांव, बसीपट्टी, बकुआ भरगामा और महपतिया पंचायत के लगभग एक लाख लोग प्रभावित हुए हैं। फिलहाल कोसी नदी के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए मधुबनी से अकील हुसैन।

दूसरी तरफ, सहरसा जिले के महिषी प्रखंड के सरडीहा चौक से बलिया सिमर, कुंदह जाने वाली सड़क की पुलिया बह गयी। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने पुलिया की मरम्मत करा दी है।

———————————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि मंत्रालय देश में डेंगू की रोकथाम और प्रबंधन के लिए योजनाएं तैयार कर रहा है। श्री नड्डा डेंगू का प्रसार रोकने की तैयारियों का आकलन करने के लिए नई दिल्ली में समीक्षा बैठक कर रहे

थे। उन्होंने कहा कि डेंगू नियंत्रण को लेकर केन्द्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर काम कर रही है।

–––बाईट–––

आने वाले समय में डेंगू के खिलाफ लड़ने के लिए कैसे स्वास्थ्य मंत्रालय आगे कार्य कर रहा है। मैंने अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि हम डेंगू के प्रिवेंशन के लिए विशेष योजना चला करके सभी स्टेट्स के साथ बातचीत करके प्रिवेंशन कैसे हो सकता है, इस पर हमको जोर देने की आवश्यकता है। समय–समय पर विभाग ने एडवाइजरीज दी हैं, समय रहते ट्रेनिंग भी कराई है सबकी।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि मंत्रालय चौबीसों घंटे काम करने वाला डेंगू हेल्पलाइन शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि राज्यों से अगले चार–पांच दिन में डेंगू हेल्पलाइन शुरू करने को कहा गया है।

———————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में मॉनसून के फिर से सक्रिय होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस.के. सुमन ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी भागों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

–––बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज के दिघलबैंक में सबसे अधिक एक सौ छप्पन दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

———————————————

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में बांका जिले के शंभूगंज थाना के प्रभारी ब्रजेश कुमार के आवास और कार्यालय में छापेमारी कर पचास हजार नगद, समेत चल और अचल संपत्ति से संबंधित दस्तावेज बरामद किये हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में सात सदस्यीय टीम ने थाना प्रभारी के खिलाफ छापेमारी की। वहीं, आरोपी के पैतृक घर बेगूसराय में भी छापेमारी की गयी है। पटना निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के डीएसपी अरूणोदय पाण्डेय ने बताया कि थानाध्यक्ष के खिलाफ निगरानी थाना पटना में बीती आठ जुलाई को प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। मामले के सत्यापन के बाद दूसरे दिन भागलपुर की विशेष निगरानी न्यायालय ने सर्च वारंट जारी किया था। अब मामले की जांच कर न्यायालय में चार्जशीट दायर की जाएगी।

---

प्रर्वतन निदेशालय, ईडी ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में शिक्षा विभाग की पूर्व उच्च शिक्षा उप–निदेशक विभा कुमारी के खिलाफ कार्रवाई की है। निदेशालय की टीम ने आरोपी की पटना स्थित ढाई करोड़ रूपये से अधिक की चल–अचल संपत्ति को अस्थायी तौर पर जब्त कर लिया है।

---

रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। संतावन दशमलव दो पांच प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद ग्यारह उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत ईवीएम में बंद हो गयी है। मुख्य मुकाबला आरजेडी की बीमा भारती और जनता दल यूनाईटेड के कलाधर मंडल के बीच है। मतों की गिनती तेरह जुलाई को होगी।

---

उपभोक्ता कार्य विभाग के लगातार प्रयासों से उड़द की कीमतों में नरमी आने लगी है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार केंद्र सरकार के सक्रिय उपायों से किसानों को फसल का उचित मूल्य मिल रहा है। साथ ही कीमतों को स्थिर रखने में मदद मिली हैं। मंत्रालय ने कहा है कि इन उपायों से देश के बाजारों में उडद की कीमतों में गिरावट आयी है।

---

मुजफ्फरपुर जिले के चक्कर मैदान में आयोजित अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के तहत आज पूर्वी चंपारण के अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं। ब्रिगेडीयर मुकेश गुरंग ने बताया कि प्रक्रिया के तहत कल पश्चिम चंपारण जिले के अभ्यर्थी भाग लेंगे। गौरतलब है कि जिले में कल से भर्ती प्रक्रिया जारी है। इसके तहत आठ जिलों के पुरूष अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं।

---

राजस्व विभाग ने कार्य में लापरवाही के आरोप में एक सीओ और एक आरओ को निलंबित कर दिया है। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अनुसार निलंबित अधिकारियों में बोधगया प्रखंड के अंचलाधिकारी अविनाश कुमार और बोधगया के तत्कालीन राजस्व अधिकारी सुमित कुमार शामिल हैं।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– यूपी में टैंकर से भिड़ी बस। बिहार के सोलह यात्री मरे।

**दैनिक जागरण** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– जे.पी. गंगा पथ का मोकामा और दानापुर के शेरपुर तक होगा विस्तार।

**दैनिक भास्कर** ने नीट–यूजी प्रश्न पत्र लीक मामले को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– एनटीए का दावा, पटना पेपर लीक और गोधरा में धांधली का व्यापक असर नहीं। सुप्रीम कोर्ट में एनटीए ने दाखिल किया हलफनामा, आज अहम सुनवाई।

**प्रभात खबर** ने ईडी की कार्रवाई पर लिखा है– बांका के थाना प्रभारी के पास मिली उनहत्तर लाख रूपये से अधिक की अवैध संपत्ति।

**आज** अखबार की सुर्खी है– योगदान नहीं करने पर प्रधानाध्यापकों को नहीं मिलेगा वेतन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में आगामी बजट को लेकर अर्थशास्त्रियों के साथ विचार–विमर्श करेंगे।

02. केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा – आयुर्विज्ञान कॉलेज में परिवर्तित वर्तमान जिला और रेफरल अस्पतालों को केंद्र सरकार की आर्थिक मदद जारी रहेगी।

03. प्रदेश में गंडक, कोसी, बागमती और महानंदा समेत कई नदियों के उफान पर रहने से पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, मधुबनी और सुपौल समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति में सुधार नहीं। राहत और बचाव कार्य जारी।

04. और, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा – डेंगू की रोकथाम और प्रबंधन के लिए केन्द्र और राज्य स्तर पर जल्द शुरू की जाएगी हेल्पलाइन सुविधा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।